हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 फरवरी 2025

**तापमान**
अधिकतम 24.4 डिग्री
न्यूनतम 7.6 डिग्री

11 सर छोटू राम राजकीय महिला कॉलेज में तीन ..



12 जरूरतमंद छात्रा और उसके लाचार दादा-दादी ...



## शहर में आज

- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- ⏭ लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- ⏭ रोडवेज डिपो में आज से प्रयागराज के लिए बस सेवा शुरू।

## रोजाना सुबह 11 बजे जाएगी बस, दो से तीन बसें लगाई जाएंगी रूट पर

# रोहतक से महाकुम्भ के लिए रोडवेज बस सेवा आज से शुरू

**श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत**

- अतिरिक्त कर्मचारी रहेंगे तैनात, करीब 1100 रुपये रहेगा एक तरफ का किराया
- श्रद्धालु कई दिन से कर रहे थे बस चलाने की मांग
- बस 800 किलोमीटर का सफर तय करेगी एकतरफा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक से प्रयागराज स्थित महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। रोडवेज डिपो द्वारा बुधवार से प्रयागराज के लिए बस सेवा शुरू की जा रही है। इससे पहले रेलगाड़ियों के सहारे लोग कुम्भ यात्रा कर रहे थे लेकिन रेलगाड़ियों में भीड़ की वजह से उन्हें दिक्कतें आ रही थी। इसलिए श्रद्धालु काफी समय से बसें चलाने की मांग कर रहे थे। बस सुबह 11 बजे प्रयागराज के लिए चलेंगी और अगली सुबह प्रयागराज पहुंचेगी। इसके अलावा अगले दिन दो बजे बस वापस रोहतक डिपो पहुंचेगी। बस इस दौरान करीब 800 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसका प्रति सवारी किराया एक तरफ का करीब 1100 रुपये होगा। इसके अलावा बस बीच में महत्वपूर्ण अड्डे पर ही रूकेगी। बसें तैयार कर ली गई हैं और इन पर चालक, परिचालक के लिए अतिरिक्त स्टाफ भी लगाया जाएगा। बसों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। खुद रोडवेज जीएम भारत भूषण गोगिया की देखरेख में बसें चलाई जा रही हैं।

### इस मार्ग से चलेगी बस

रोहतक–सांपला–बहादुरगढ़–नजफ़गढ़–गुरुग्राम–पलवल–कोसी–मथुरा–आगरा–फिरोजाबाद– सिकन्दरा–कानपुर–प्रयागराज

### लंबे समय से कर रहे थे मांग

प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान के लिए रोजाना भारी तादाद में लोग जा रहे हैं। इस वजह से रेलगाड़ियों में भीड़ ज्यादा हो गई है। इसके साथ ही लोग सरकार से प्रयागराज के लिए बसें चलाने की मांग कई दिन से कर रहे थे। कुम्भ के लिए स्पेशल बस मिलने से लोगों को काफी राहत महसूस होगी। यह पहली बार है जब रोडवेज डिपो से महाकुम्भ के लिए बसें भेजी जा रही हैं।

### रोडवेज ने तैयारियां पूरी की

रोडवेज अधिकारियों द्वारा आरटीओ कार्यालय से प्रयागराज तक का परमिट बनवाने के साथ सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लम्बी दूरी होने की वजह से नई बसों को रूट पर लगाया है जिनको पूरी तरह से चैक कर लिया गया है।

### दो रेलगाड़ियां भी जा रही प्रयागराज

इससे पहले लोगों को रोहतक से प्रयागराज के लिए रेलगाड़ी में सफर करना पड़ता था। कालिंदी एक्सप्रेस रोजाना प्रयागराज के लिए रवाना होती है जबकि त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस केवल सोमवार को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करती है। अब बस सेवा शुरू होने से लोगों को धार्मिक यात्रा में दिक्कत नहीं आएगी।

### 25 फरवरी को अंतिम बस जाएगी



प्रयागराज के लिए बस शुरू की जा रही है। रोहतक से सुबह 11 बजे बस चलेगी। करीब 16 घंटे बाद यह बस अगली सुबह स्नान के समय प्रयागराज पहुंचेगी। इसके बाद शाम को दो बजे के बाद बस वापिस आएगी। 25 फरवरी को अंतिम बस जाएगी। इससे महाकुम्भ यात्रा करने वाले लोगों को फायदा होगा।
**भारत भूषण गोगिया**, जीएम रोडवेज रोहतक



## अनमोल खरब ने बैडमिंटन महिला एकल में 38वें राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीता

**रोहतक।** देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की अनमोल खरब ने महिला एकल बैडमिंटन मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण जीता और खिताब पर कब्जा जमाया। यह जानकारी देते हुए बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने बताया कि हरियाणा की अनमोल खरब ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में दिल्ली की अनुपमा उपाध्याय को 2-1 से पछाड़ कर खिताब अपने नाम किया। हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र सिंह एवं बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने इस जीत पर अपार हर्ष जाहिर करते हुए अनमोल खरब को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

## डॉ. कृष्ण कांत एमडीयू के अगले रजिस्टार नियुक्त



**रोहतक।** सरकार ने पीजी कॉलेज बल्लभगढ़ के पूर्व प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का अगला रजिस्टार नियुक्त किया है। डॉ. कांत बुधवार को कार्यभार संभालेंगे। इस समय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर गुलशन तनेजा इस पद पर कार्यरत हैं। सरकार ने प्रो. तनेजा को तीन-तीन साल के दो टर्म बतौर रजिस्ट्रार दिए। इन्हें उम्मीद थी कि सरकार शायद तीसरी टर्म भी दे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रो. गुलशन को गत नवंबर में अगले आदेश तक के लिए रजिस्ट्रार नियुक्त कर दिया। ध्यान रहे कि प्रो. तनेजा की आगामी जून में विभाग से सेवानिवृत्त होने हैं। चूंकि प्रो. तनेजा की गिनती वीसी के चेहतों में थी।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़े युवक पर फायरिंग से हड़कंप

**सांपला।** कस्बे में बीती रात एक युवक पर फायरिंग कर दी गई। युवक घटना के समय मकान के बाहर खड़ा था। कई युवकों ने आकर उसके साथ मारपीट की। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सांपला निवासी सुनील घर के बाहर खड़ा हुआ था। एक कार में सवार होकर 4 से 5 युवक आए और उस पर लाठी-डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एकता कॉलोनी निवासी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि एकता कॉलोनी निवासी रविन्द्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि रविंद्र का भाई राकेश चिनाई मिस्त्री का काम करता है। करीब एक माह पहले राकेश के साथ अजय ने मारपीट की थी। 31 जनवरी को रविन्द्र को सूचना मिली कि अजय ने राकेश को चाकू मारे है, जिसे इलाज के लिए पीजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया।

### मेडिकल स्टोर के बाहर से बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** सिविल रोड स्थित मेडिकल स्टोर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में राहुल ने बताया कि वह गांव बोहर का रहने वाला है। 3 फरवरी को सिविल रोड पर किसी काम से मोटरसाइकिल सोनीपत रोड किसी काम से गया था। मैंने अपनी मोटरसाइकिल को मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी की थी। जब मैं वापिस आया तो बाइक नहीं मिली। इसके बाद मैंने बाइक को आस-पास तालाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया गया। आरोपी के खिलाफ जांच की जा रही है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सोनीपत रोड नजदीक बाग भालौठ की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विकास निवासी गांव भालौट के रुप में हुई। युवक के पास से एक पिस्तौल बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना आईएमटी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

## थ्री ए साइड वॉलीबॉल में पंजाब की टीम रही प्रथम



**महम।** थ्री ए साइड वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा फरमाणा गांव में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक प्रथम नेशनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के मुख्य अध्यापक राजवीर ने किया। इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी मारुति हजारे ने बताया कि प्रतियोगिता का संचालन पवन कुमार राठी ने किया इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रोहित कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय रहे। रोहित कुमार ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रामनिवास चोपड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में पंजाब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा स्थान जम्मू कश्मीर ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान राजस्थान में प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में हरियाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और चंडीगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार राठौर व नवीन कुमार मौजूद रहे।

## आईएचएम के 45 छात्रों ने नौकरी के लिए साक्षात्कार दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



तिलयार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों स्मार्ट क्यू तथा प्लेनेट स्पार्क द्वारा मेनेजर पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया। व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट में संस्थान के बीएससी तृतीय वर्ष के 45 विद्यार्थियों ने मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार दिया। दोनों कंपनियों द्वारा लगभग सात लाख रुपए का सालाना पैकेज छात्रों को दिया जा रहा है। एचआर मैनेजर ईशिता सिंह तथा मोहम्मद फजल ने विद्यार्थियों को अपनी अपनी कंपनी की कार्यशैली के बारे में बताया। संस्थान के प्लेसमेन्ट अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि छात्रों के बेहतरीन भविष्य के लिए इस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल इंचार्ज संजीव डे ने अंत में कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## मंजीत हत्याकांड में 11वां आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने मंजीत की हत्या की वारदात में 11वें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 06 दिसंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में शादी समारोह में गोलियां चली है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। डीघल निवासी मंजीत व बल्लम निवासी मंदीप को गोलिया लगी। जिनकों उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। डॉक्टरों की टीम द्वारा मंजीत को मृत घोषित किया गया। मृतक के भाई मुकेश की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 6 दिसंबर 2024 को मंजीत व मुकेश अपने चाचा सतीश के लड़के का शादी समारोह गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में बारात में आए हुए थे। तभी गोलियां चलीं थी।

- 6 दिसंबर 2024 को गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में शादी समारोह में चली थी गोलियां

## शाम तक 35 वाहन पार्किंग में पहुंचे

# अशोका चौक की पार्किंग शुरू, पुलिस ने वाहन जब्त कर पार्किंग में भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अशोका चौक के पास स्थित पार्किंग मंगलवार को शुरू हो गई। शाम तक करीब 35 वाहन पार्किंग में पहुंचे। साथ ही यातायात पुलिस ने सड़क पर वाहन खड़े करने वाले लोगों को समझाया और वाहन को पार्किंग में ले जाने के लिए निर्देश दिए। आने वाले दिनों में भी पुलिस सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों को हटाने के लिए अभियान चलाएगी। इस दौरान जो लोग नहीं माने उनकी गाड़ियां जब्त कर चालान किया जाएगा। एक दिन पहले ही प्रशासन के सहयोग से अशोका चौक पर सरकार की तरफ से पार्किंग शुरू की गई है। तीन साल के लिए करीब 23 लाख का टेंडर दिया गया है। पार्किंग संचालक सुनील गौड ने बताया कि सड़कों पर वाहन खड़े नहीं होने चाहिए इससे जाम लगा रहता है। पुलिस को वाहनों को हटवा कर पार्किंग में भिजवाना चाहिए। इस पार्किंग के बनने से सुभाष चौक, मानसरोवर पार्क, बजरंग भवन, डी पार्क, सरकूलर रोड आदि एरिया में वाहन ले जाने वाले लोगों को फायदा होगा।

**वाहनों का चालान काटते हुए पुलिस अधिकारी**





**विश्व कैंसर दिवस** | ब्रांड एम्बेसडर की तरह प्रदेश वासियों को कैंसर से जागरूक करें कैंसर विजेता : कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल

# जीवन शैली और खानपान में बदलाव से बढ़ रहा कैंसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




**रोहतक।** मरीजों को ट्रॉफी और फल देकर सम्मानित करते कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

कैंसर एक गंभीर बीमारी है जो हमारे समाज में तेजी से बढ़ रही है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें से एक है हमारा जीवनशैली और खानपान। हमें अच्छे वातावरण में रहना चाहिए और ऑर्गेनिक खानपान की तरफ बढ़ना चाहिए। हमें अपने खानपान में ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करना चाहिए। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल का। वे मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में कई विभागों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जा रहे विश्व कैंसर दिवस के कैंसर विजेता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। आम जन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने कहा कि आज यहां कैंसर से ठीक होकर आए मरीज आमजन को कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूक करने में एक ब्रांड एंबेसडर के तौर पर कार्य कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने काफी दर्द झेला है और वह जनता को अच्छे से बता सकते हैं कि हमें कैंसर के लक्षणों की जल्दी से जल्दी पहचान करके उसका इलाज समय पर करवाना कितना महत्वपूर्ण है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से लड़ाई में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार मरीज को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का प्रजूर प्रयास कर रही है जिसका उदाहरण है कि अभी गत दिवस सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में 20 नए बड़े अस्पताल खोलना का प्रस्ताव रखा गया है जिससे मरीजों को काफी फायदा मिलेगा।

निदेशक डॉ एस के सिंघल ने कहा कि कैंसर एक महामारी की तरह फैलता जा रहा है और हम इसे तंबाकू, गुटका, धूम्रपान आदि का प्रयोग ना करके काफी हद तक रोकने में सफल हो सकते हैं जिसके लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। डॉ एस के सिंघल ने कहा कि हमें कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। हमें लोगों को कैंसर के लक्षणों के बारे में बताना चाहिए और उन्हें जल्दी इलाज कराने के लिए प्रेरित करना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने कहा कि हमें नियमित व्यायाम करना चाहिए और तनाव से बचना चाहिए। हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और समय-समय पर अपनी जांच करानी चाहिए।

### केमिकल मिले खाने से बढ़ रहे मरीज

पलमोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ ध्रुव चौधरी ने कहा कि हम अपनी फसलों में अधिक से अधिक केमिकल फर्टिलाइजर का प्रयोग कर रहे हैं जो कि हमारे स्वास्थ्य को तो नुकसान पहुंचा ही रहा है वहीं इससे जमीन भी बंजर हो रही है। केमिकल मिला हुआ खाना हमारे शरीर और मानसिकता को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा रहा है, इसके चलते खाने की पाइप के कैंसर भी बढ़ते जा रहे हैं। डॉ ध्रुव चौधरी ने कहा कि बचाव में ही बचाव है।

### एक अच्छी डाइट खानी चाहिए

सर्जिकल ऑंकोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर संजीव प्रशाद ने कहा कि आज यहां कैंसर से ठीक हुए मरीजों को कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल व अन्य अधिकारियों ने एक स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि कैंसर से करीब 5 से 10 साल पहले तक ठीक हो चुके मरीजों को आज यहां विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। डॉ संजीव प्रशाद ने बताया कि इस साल की थीम रखी गई है यूनिक बाय यूनाइटेड और इसके माध्यम से हमारा आज प्रयास रहा कि अधिक से अधिक लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाए। रेडियोथैरेपी विभाग का अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने कहा कि आज हमने यहां पर जो कैंसर के लक्षणों के बारे में देखा है और पोस्टरों के माध्यम से सीखा है हमें उनके चित्र लेकर अपने आसपास के लोगों व अपने रिश्तेदारों को भेजना चाहिए ताकि उन्हें भी कैंसर के लक्षणों का पता चल सके और वह भी किसी व्यक्ति को यदि समय पर इलाज करवाकर ठीक करवाते हैं तभी हमारा इस जागरूकता महिम का फायदा होगा। डॉ अशोक चौहान ने कहा कि हमें शराब का भी सेवन नहीं करना चाहिए और एक अच्छी डाइट खानी चाहिए।

### समय पर मरीज आए तो हो सकता है ठीक

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों और चिकित्सकों ने कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टरों को दर्शाया गया। डॉ अजय श्योराण ने हड्डी रोग विभाग के कैंसर के बारे में बताया। मंच का संचालन आचार्य शकुंतला ने किया। पल्मोनरी विभाग से डॉक्टर पवन ने बताया कि किस प्रकार के लंग्स कैंसर के मरीज उनके विभाग में आते हैं और यदि समय पर आते हैं तो उन्हें पूर्ण रूप से ठीक भी किया जा सकता है। डॉ सुशील ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 28 मरीजों को ट्रॉफी और फल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ संजय मारवाह, डॉ नीलम कुमार, डॉ वरूण अरोड़ा,डॉ सुशील,डॉ राकेश, डॉ पवन, डॉ निशा मरवाह, डॉ मिनाक्षी, डॉ सुनिधि,प्रोफेसर सुनीता सिंह, अचार्य शकुंतला सहित दर्जनों चिकित्सक व सैकड़ो आमजन उपस्थित थे।



# 'रूज़' बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में मचाएगी धमाल...

**मुंबई।** दिल्ली की रहने वाली स्टूडेंट फिल्ममेकर रिया शुक्ला की खुशी का ठिकाना नहीं है। आखिरकार उनकी शॉर्ट फिल्म 'रूज़' को बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए जो चुना गया है। उनकी इस फिल्म को 75वें बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के जनरेशन केप्लस सेगमेंट में प्रीमियर किया जाएगा। रिया शुक्ला की यह शॉर्ट फिल्म 13 से 23 फरवरी तक बर्लिन में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल में प्रतिस्पर्धा करने वाली 15 फिल्मों में से एक है। न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी स्क्रीनराइटिंग और डायरेक्शन में फाइन आर्ट्स में मास्टर्स कर रहीं रिया शुक्ला ने 'रूज़' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इसका सफर बेहद कमाल का रहा है।

लाइफ Style

# हुमा रास आती हैं 'बिगड़ैल लड़कियां'

गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी किताब लिखी है, जिसके बारें में चर्चा करते हुए वह बताती हैं कि उन्हें खराब व्यवहार वाली महिलाएं ज्यादा पसंद है। हाल ही में हुमा कुरैशी ने अपनी एक पुस्तक लिखी, जिसका नाम 'जेबा: द एक्सीडेंटल हीरो' है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते रविवार को हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। अपनी पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके मुख्य किरदार में एक ऐसी लड़की है, जो किसी को भी आसानी से पसंद आने वाली लड़की नहीं है। हालांकि, हुमा ने अपने आप को भी ऐसी ही लड़की बताया। हुमा कहती हैं, 'मैं महिलाओं को कैसे चलना चाहिए, कैसे कपड़े पहनना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए जैसी बातों को कहे जान से परेशान हो गई हूं।' हुमा कहती हैं कि अपने खुले विचारों को लिखने में उन्हें मक्ति मिली। एक बिगड़ैल लड़की और लोगों के लिए थोड़ा अजीब लगने वाली लड़की को मुख्य किरदार में लिखने में हुमा ने अपने आपको बहुत सहज महसूस किया। वह ये भी बताती हैं कि जब आप अपने असल व्यक्तित्व को लिखना चाहते हैं, तो आपको कई कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। जब व्यक्ति किसी के छोटे से दिमाग में क्या चल रहा है यह पता कर ले तो वह चौंक सकता है, लेकिन उस चीज के सामने आने पर लोगों को आनंद भी मिलता है, इसी से जुड़े विचारों को हुमा आपके सामने लेकर आई हैं। हुमा बताती हैं कि महिलाओं को जिस दिन लिंग भेद से ऊपर उठकर देखा जाने लगेगा, उस दिन से महिलाओं को असली आजादी मिलेगी।



हॉलीवुड मसाला



# दिलों में बसती हैं रूसों की फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** एंथनी रूसो एक अमेरिकी फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं जो अपने भाई जोसेफ रूसो के साथ मिलकर कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। उनकी फिल्मों ने दुनियाभर में दर्शकों को मोहित किया है। इनमें से कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। भारत में भी उनकी फिल्में काफी ज्यादा धमाल मचा चुकी हैं। उन्होंने 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर' (2014) और 'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर' (2016) जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।



# लतीफा ने पहनी भारतीय डिजाइनर की ड्रेस...

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजेलिस में हुए 67वें ग्रैमी अवार्ड में भारतीय फैशन और शिल्पकला का एक शानदार पल देखने को मिला। इस अवॉर्ड फंक्शन रैपर और अभिनेत्री क्वीन लतीफा डिजाइनर राहुल मिश्रा के ब्लैक डिजाइनर कपड़े में नजर आईं। 67वें ग्रैमी अवॉर्ड विनर क्वीन लतीफा की ड्रेस ने सबका ध्यान खींचा। जब वह राहुल मिश्रा की डिजाइन की ड्रेस में नजर आईं। लतीफा ने ये ड्रेस पहनकर एक भारतीय डिजाइनर को ग्रैमी अवॉर्ड्स में पेश किया। उन्होंने जो ब्लैक ड्रेस पहनी वे थ्री डायमेंशनल डिटेल्स से हुआ था। इस ड्रेस के बारे में खुद डिजाइनर ने बताया है। डिजाइन राहुल मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया कि इस ड्रेस को 12 घंटों में कारीगरों ने मिलकर बनाया है। इस ड्रेस पर लतीफा ने इस लुक को डायमंड नेकलने और लाइट मेकअप के साथ स्टाइल किया।



# 'लवयापा' से हटाए जुनैद के डांस सीन्स

**मुंबई।** जुनैद खान ने एक बुरे डांसर होने की बात स्वीकार की और बताया कि आने वाली फिल्म 'लवयापा' के गाने रहना कोल में उनका हिस्सा तब रद्द कर दिया गया, जब कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें डांस करते देखा। जुनैद खान इस फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करेंगे। हाल ही में फिल्म से नया गाना जारी हुआ, जिसमें जुनैद और खुशी की परफॉर्मेंस को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। अब जुनैद खान ने खुलासा किया कि वह एक खराब डांसर हैं। 'फराह मैम ने हमारा डांस कैंसिल कर दिया। रिहर्सल के दौरान उनके असिस्टेंट ने हमें स्टेप्स सिखाए, लेकिन जब उन्होंने मुझे परफॉर्म करते देखा तो उन्होंने सिर्फ खुशी का डांस रखने का फैसला किया और मेरा पार्ट कैंसिल कर दिया। उन्होंने मुझे अपने सामने परफॉर्म करने के लिए कहा।



# ग्रैमी अवॉर्ड्स समिति को लगाई फटकार...

**लॉस एंजिल्स।** संगीत की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी अवाड्र्स 2025 का सोमवार को आयोजन हुआ। लॉस एंजिल्स में आयोजित समारोह में बियोंसे से लेकर शकीरा तक को अवॉड्र्स मिले। इस दौरान उन कलाकारों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, जिनका निधन पिछले साल हुआ था। लेकिन, अफसोस कि भारतीय तबला वादक दिवंगत जाकिर हुसैन का इसमें जिक्र नहीं किया गया। जबकि वह 4 बार ग्रैमी जीत चुके थे। अब सिंगर सामी इस बात से बुरी तरह खफा हो गए हैं। उन्होंने ग्रैमी वालों को लताड़ लगाई है और कहा है कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। बीते साल जाकिर हुसैन का दिसंबर 2024 में निधन हो गया था। सामी ने ग्रैसी से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उन्होंने सख्त लहजे में आयोजन समिति को फटकार लगाई है।

टीवी मसाला



# बिग बी फ्रिज में हो गए थे बंद! पड़ी थी बहुत मार...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन आज भले ही बॉलीवुड के शहंशाह हैं। जिंदगी के 82 बसंत देख चुके हैं। लेकिन जैसे हर बच्चा बचपन में शरारती होता है, वैसे ही बिग बी ने भी अपने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के पैतृक घर में खूब उपद्रव किया था। एक बार अपने नटखटपन में वो फ्रिज में बंद हो गए थे और फिर उन्हें बहुत मार पड़ी थी। ये किस्सा उन्होंने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में सुनाया है। जूनियर वीक की शुरुआत 3 फरवरी से हो गई है। यंग कंटेस्टेंट्स ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट चैलेंज में हिस्सा लिया और उनमें से जो जीता, वो हॉट सीट पर बैठा। गेम खेलने के दौरान अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट प्रनूषा थमके से बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वो फ्रिज के अंदर फंस गए थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'जब हम छोटे थे ना, तब ये फ्रिज वगैरह नहीं था। सिर्फ पंखा था। हम लोग सोचते थे कि ये क्या है। हम इलाहाबाद में रहते थे। हमारे पास ऐसे साधन नहीं थे- जैसे एसी वगैरह। तो टेबल फैन के सामने बर्फ का टुकड़ा रख के उसको पीछे से चलते थे तो ठंडी हवा आती थी।' बिग बी ने आगे कहा, 'फिर कुछ सालों के बाद घर में आ गया एक बड़ा सा फ्रिज। उसको खोला तो देखा कि ये बहुत ठंडा है। हम थोड़े छोटे थे। एक दिन हम उसके अंदर घुस गए। किसी को बताया नहीं और दरवाजा हो गया बंद। हमने चिल्लाया। फिर हम निकले, बहुत मार पड़ी हमको।'


## 'सिलेब्रिटी मास्टरशेफ' के जजों ने उषा ताई का खाना टेस्ट करने से किया इनकार...

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें 'पवित्र रिश्ता' फेम मराठी एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी का खाना टेस्ट करने से जज शेफ ने इनकार कर दिया। हालांकि, लोगों ने इस वीडियो को देखने के बाद उल्टा उषा नंदकर्णी पर अपना गुस्सा उतारा है। पाक कला पर बेस्ड इस शो को फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार जज कर रहे हैं। इसी शो के एक एपिसोड की ये झलक हर किसी को हैरान कर रही है। शो मेकर्स ने हाल ही में'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक प्रोमो वीडियो शेयर किया है जिसमें उषा नाडकर्णी के बनाए खाने को टेस्ट करने से जज ने इनकार कर दिया। इस वीडियो में उषा से फराह पूछती हैं कि उन्होंने क्या बनाया है? तो जवाब देते हुए वो बताती हैं- ड्राई चिकन। इसके बाद जज चेक करते हैं तो उषा पूछती हैं- क्या हुआ? फराह ने कहा- पूरा कच्चा है। इसपर रणवीर बरार कहते हैं- हमलोग खाएंगे तो बीमार हो जाएंगे।



# 'कुछ सपने अपने' में दिखेगी प्यार की अनोखी कहानी

**नई दिल्ली।** नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर और कशिश फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने' सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म की कहानी बॉलीवुड की लव स्टोरी से काफी अलग और दिल को छू लेने वाली है। फिल्म 'कुछ सपने अपने'लंबे समय अपनी रिलीज का इंतजार कर रही थी। अब यह हिंदी फीचर फिल्म वैलेंटाइन वीक के बाद रिलीज होगी। फिल्म को 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के कुछ महीनों पहले रिलीज हुए ट्रेलर में नजर आया था कि यह कहानी यंग जनरेशन के प्यार और नजरिए को लेकर है। श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने'एक समलैंगिक जोड़े के प्यार की कहानी है। साथ ही इनके प्यार के बीच परिवार की क्या भूमिका है? इस विषय के आसपास ही फिल्म की कहानी कही जा रही है। फिल्म को बहुत ही संवेदनशील तरीके से बनाया गया है।



# थंडेल में दिखाई जाएगी पाकिस्तान में फंसे 22 मछुआरों की असल कहानी

सुषमा स्वराज के प्रयासों से ही हो सके थे रिहा

**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी अपनी बड़ी रिलीज 'थंडेल' के लिए कमर कस रहे हैं। यह लव-एक्शन-ड्रामा फिल्म 2018 में हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित है जिसमें भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था और उन्हें जेल में डाल दिया था. यह बात सभी जानते हैं कि विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज, जो विदेशों में भारतीयों के लिए एक साहसी वकील थीं, ने पाकिस्तान की जेल में बंद 22 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने में अथक योगदान दिया। प्रतिष्ठित नेता के निधन के बाद, उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने उन 22 मछुआरों की वापसी सुनिश्चित की। निर्देशक चंदू मोंडेती आगामी फिल्म 'थंडेल' के साथ इस घटना को बड़े पर्दे पर लाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में सुषमा स्वराज और उनके परिवार के अटूट योगदान को भी दर्शाया गया है। 'थंडेल' के निर्माता बनी वासु ने बांसुरी स्वराज से सुषमा स्वराज के नाम के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की वास्तविक फुटेज का उपयोग करने की अनुमति मांगी। इस पर परिवार ने पूरे दिल से उन्हें एनओसी के साथ अनुमति दे दी। अनुमति मिलने पर, बनी वासु ने आभार व्यक्त किया।



## 7 को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं और श्रीनागेंद्र तंगला कला विभाग का नेतृत्व करते हैं। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित, 'थंडेल' का निर्माण गीता आर्ट्स के बैनर तले बनी वासु द्वारा किया गया है, जिसमें अल्लू अरविंद इसे प्रस्तुत कर रहे हैं। यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में उतरेगी और दर्शकों को रोमांच और चरम सिनेमा की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी।

***नागा चैतन्य और साई पल्लवी हैं मुख्य भूमिका में*** : 'थंडेल' में नागा चैतन्य और साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि संदीप आर वेद एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही नेटिजन्स ने फिल्म की बड़ी रिलीज के लिए अपनी हार्दिक सराहना और शुभकामनाएं दी हैं। प्रभावशाली स्टार कास्ट के साथ इस फिल्म में शानदार तकनीकी दल भी है जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद संगीत की कमान संभाल रहे हैं और शमदत ने छायांकन का काम संभाला है।

# सोनाली से लेकर ताहिरा तक, कैंसर से जंग जीत चुके इन योद्धाओं ने किया लोगों को जागरूक

***नई दिल्ली।*** *4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड के इमरान हाशमी, ताहिरा कश्यप और सोनाली बेंद्रे ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई के प्रति लोगों को जागरूक किया है, क्योंकि इन सभी सितारों ने कैंसर को बहुत करीब से न सिर्फ देखा है, बल्कि उसे मात भी दी है। इन सितारों ने कैंसर के शुरुआत में ही उसे पहचान कर उपचार की बात कहा, जिससे आप अपने अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं।*

## ताहिरा ने कैंसर को उखाड़ फेंकने का काम किया

फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप को 2018 में स्तन कैंसर होने का पता चला था, जिसके बाद उन्होंने इसका शुरुआती लक्षणों को पहचान उपचार शुरू किया और इस असाध्य बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंका। ताहिरा ने सरकार के आयुष्मान भारत और जन आरोग्य जैसी योजनाओं की तारीफ की और कहा इससे आर्थिक स्थिति सही ना होने पर भी लोगों को समय पर कैंसर का इलाज संभव हो पा रहा है। कैंसर रोग के लिए अति शीघ्र उपचार ही जीवित रहने की कुंजी है।



## सोनाली ने भवायह कैंसर को दी पटखनी

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी 2018 में हाई ग्रेड कैंसर से पीड़ित हुई, लेकिन इन्होंने हार नहीं मानी और शुरूआती उपचार और कैंसर से लड़ने की मजबूत इच्छा के कारण इस बीमारी को हरा दिया।

## जब इमरान के बेटे को कैंसर ने जकड़ लिया था

बॉलीवुड के अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि 2014 में जब उनके बेटे के कैंसर के बारे में पता चला तो मैं और मेरा पूरा परिवार टूट गया था। लेकिन मन में मजबूत इच्छा और लोगों के समर्थन के कारण हमने कैंसर से लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने कहा आइए इस कैंसर रोग से हमसभी मिलकर लड़ें, क्योंकि सबका जीवन अमूल्य है।

# 6 को ओटीटी पर रिलीज होगी 'गेम चेंजर'

***नई दिल्ली।*** *राम चरण की 'गेम चेंजर' के ओटीटी अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किया है। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने संकेत दिया है की फिल्म की डिजिटल रिलीज की तारीख का बहुत जल्द ही ऐलान किया जाएगा। हालांकि, सोशल मीडिया पर चल रहीं अटकलों के अनुसार, 'गेम चेंजर' का प्रीमियर 6 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर होने की उम्मीद है। हालांकि, इस तारीख को लेकर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। शंकर द्वारा निर्देशित और राम चरण अभिनीत फिल्म 'गेम चेंजर' शुक्रवार, 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि, इस एक्शन एंटरटेनर ने शानदार ओपनिंग ली, लेकिन दूसरे दिन से ही इसका कलेक्शन गिर गया। इसके साथ ही गेम चेंजर अब सिनेमाघरों से विदा लेने वाली है। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 51 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।*



## खबर संक्षेप



### डॉ. सुधीर को एडिनशल चीफ वार्डन मनोनित किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार को एडिशनल चीफ वार्डन बॉयज मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रो. सुधीर कुमार को उपरोक्त दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर सौंपा गया है। प्रो. सुधीर कुमार ने इस दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा ने प्रो. सुधीर कुमार को एडिशनल चीफ वार्डन बॉयज का कार्यभार ग्रहण करवाया और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र राठी, डॉ. कर्मवीर श्योकंद तथा डॉ. रामफूल ओहल्याण उपस्थित रहे।

### शेन अरोड़ा को युवा भारत गौरव सम्मान मिला

**सोनीपत।** सोनीपत की मॉडल टाऊन निवासी शेन अरोड़ा को स्ट्रीट एनिमल्स, पशु, पक्षियों ओर की सेवा करने के चलते कर्नाटक के सेडम में चल रहे भारतीय संस्कृति उत्सव -7 में युवा सम्मेलन में भारत विकास संगम द्वारा प्रतिष्ठित युवा भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति उत्सव का आयोजन 29 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जा रहा है। 31 को आयोजित युवा सम्मेलन कार्यक्रम में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, दिल्ली विश्वविद्यालय की सीपीडीएचई की डायरेक्टर प्रोफेसर गीता सिंह, दक्षिण फिल्म एक्टर और निर्माता रमेश आनंद ने शिरकत की। युवा भारत गौरव सम्मान अवॉर्ड भारत विकास संगम के संयोजक माधव रेड्डी, सेवानिवृत मेजर जरनल प्रमोद सहगल, पद्मश्री सुनीता कृष्ण, माणिक प्रभु संस्थान के मुखिया धनराज माणिक प्रभु महाराज द्वारा दिया गया।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# विश्व कैंसर दिवस : छात्रों को बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल. वर्मा के मार्गदर्शन में श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज अस्थल बोहर में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंसर जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा इस घातक बीमारी की पहचान, रोकथाम और उपचार के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता डॉ. मनीष शर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को कैंसर के प्रकार, कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू, धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर खान-पान और निष्क्रिय जीवनशैली कैंसर के प्रमुख कारणों में से हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से इस बीमारी से बचाव संभव है।

आयुर्वेदिक कॉलेज के डीन नीरज कुमार खरे ने बताया बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार के बारे में जानकारी देना और कैंसर पीड़ितों के प्रति समर्थन व्यक्त करना है। इस दिवस की शुरुआत यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा 2000 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना और इसे वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकता बनाना है। हर साल इस दिन के लिए एक विशेष थीम चुनी जाती है, जो कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों ने एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. निशा, डॉ. अनीता, डॉ. नवीनता, डॉ. सोनम, डॉ. राकेश, डॉ. नितिन सहित अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रशासन ने स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देने वाली पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को शिक्षित करने और समय पर पहचान एवं रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



**रोहतक।** श्रीबाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर उपस्थित छात्र।

# क्रिकेट लीग में कक्षा नौवीं 'ब्रावो' विजेता

- पठानिया स्कूल में प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




पठानिया पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पठानिया क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं के 6 सैक्सन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस क्रिकेट लीग का शुभारंभ प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व कोऑर्डिनेटर कनिका मग्गू ने स्वयं एक पारी खेल कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व खेलों को खेल की भावना से खेलने की सीख देकर किया। पहला मैच अल्फा और इको के बीच रहा, जिसमें इको सैक्सन प्रथम रहा। दूसरा मैच डेल्टा और ब्रावो के बीच में हुआ जिसमें 'ब्रावो' सैक्सन विजयी रहा ऐसे ही तीसरा मैच इको और चार्ली के बीच खेला गया जिसमें चार्ली सैक्सन विजयी रहा। चौथा मैच ब्रावो और फेलिमिंगो के बीच रहा जिसमें ब्रावों मैच जीतकर सेमिफाइनल में पहुँची व दूसरे सेमिफाइनल की विजेता टीम चार्ली सैक्सन रहा।अंतत कक्षा नौवीं ब्रावों के मैच की विजेता व चार्ली रनर अप रही। फाइनल मैच में मैन ऑफ दा मैच कुनाल व मैन ऑफ द सीरिज रियांश रहा। विजेता व रनर अप टीम को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। शरीरिक शिक्षा अध्यापक मोहन लाल, इजहार, सुरेश व जितेन्द्र के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक क्रिकेट लीग करवाई गई। जितेन्द्र व उनकी टीम बहुत ही सुंदर कॉमेंट्री करते हुए सभी दर्शकों को परिणाम से अवगत करवाते रहे। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व कोऑर्डिनेटर कनिका मग्गू ने सभी खिलाड़ियों को ऐसे ही प्रतिस्पर्धा व जोश से खेलने के लिए प्रेरित किया।

### आंगनवाड़ी क्रैच सेंटरों पर सुविधाओं के लिए पांच लाख से अधिक की राशि जारी

**रोहतक।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला में संचालित किए गए छह आंगनवाड़ी क्रैच में बच्चों के सुविधाओं के लिए पांच लाख 8 हजार 350 रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि से क्रैच का किराया, बच्चों का राशन, पढ़ाई-लिखाई का सामान, प्राथमिक चिकित्सा पेटी आदि जरुरत के सामान की खरीदारी हेतु तथा आंगनवाड़ी वर्कर, हैल्पर का मानदेय दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में 27 जनवरी को अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने मोबाइल क्रैच पालना स्कीम के तहत रोहतक जिले में ब्लाक शहरी स्तर के 6 आंगनबाड़ी केंद्र कम कैच केन्द्र का उद्‌घाटन किया गया था। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कम क्रैच का उद्धेश्य 7 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की कामकाजी माताओं के लिए सेवाएं प्रदान करना है। सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 की घोषणा अन्तर्राज्यीय में कामकाजी महिलाओं के बच्चों 7 माह से 6 वर्ष) के लिए डे-केयर सुविधाएं प्रदान करने, बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करने बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक विकास (समग्र विकास) को बढ़ावा देने से बच्चों के लिए फ्री स्कूल शिक्षा, पूरक पोषण, विकास निगरानी तथा स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण करने के लिए प्रदेश में नये कैच केन्द्र खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में शुरू किए गए इन छह आंगनवाड़ी केंद्र-कम-क्रैच सेंटरों पर बच्चों को खेलने-कूदने आदि सभी मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए सरकार द्वारा पांच लाख 8 हजार 350 रुपए की राशि जारी की गई है।

# सांगवान स्कूल छात्रा अर्पिता ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में तृतीय स्थान हासिल किया

- ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया
- प्रधानाचार्या को 'राजभाषा रत्न सम्मान' से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अर्पिता ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में तृतीय स्थान हासिल किया। कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में अर्पिता को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ रहीं, जिनमें आज तक के मुख्य कार्यकारी संपादक सैयद अंसारी, गांधी समृद्धि एवं दर्शन समिति के निर्देशक डॉक्टर ज्वाला प्रसाद, शिवाजी कॉलेज (नई दिल्ली) की प्रधानाचार्या, तथा प्रसिद्ध कवि कलाम भारती शामिल थे। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और हिंदी भाषा में उत्कृष्ट ज्ञान का प्रमाण है। इस आठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में स्कूल प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान को 'राजभाषा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष वीना कालरा को सारथी सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय के निर्देशक राजेश सांगवान ने अर्पिता की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत और अद्भुत ज्ञान कौशल की सराहना की। साथ ही अर्पिता को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वह आगे भी इसी तरह अपनी उपलब्धियों से विद्यालय, अभिभावक और देश का नाम रोशन करेंगी।

# पीएम श्री योजना के तहत नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- नशीले पदार्थ से हमेशा दूर रहने के लिए किया प्ररित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीएम श्री योजना के के तहत उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ कर्मचारियों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई।

स्कूल प्राचार्य राजेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच शिविर लगाए जाते है। इसी कड़ी में स्कूल में पीएम श्री योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ के सदस्यों की भी जांच की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा परामर्श और बुनियादी स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना, छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के बारे में शिक्षित करना, सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उचित सलाह प्रदान करना आदि है।

शिविर के दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार वर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निपुण गर्ग, जनरल फिजीशियन डॉ. गौरव गुलिया व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा किरण ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि वे संतुलित और पौष्टिक भोजन लें। शरीर में किसी भी प्रकार की थकान या कमी महसूस होने पर चिकित्सक को जरूर दिखाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चिकित्सक की सलाह के बिना किसी भी दवा का सेवन न करें। चिकित्सकों ने कहा कि स्वास्थ्य ही उनका अमूल्य धन है। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास है। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को किसी भी धूम्रपान या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ से हमेशा दूर रहने की सलाह दी।

# आईएमए ने आयुष्मान उपचार का भुगतान नहीं करने पर जताया रोष

- संगठन ने मुख्य प्रधान सचिव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में भारत सरकार की आयुष्मान योजना के अंतर्गत 35 निजी अस्पताल पीएमजेवाय स्कीम के रोगियों के इलाज करने के लिए राज्य स्वास्थ्य अथॉरिटी से मान्यता प्राप्त हैं। इस योजना के कार्ड के रोगियों को सरकार ने हर वर्ष पूरे परिवार के लिए 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी हुई है। इन निजी अस्पताल को इलाज के लिए पैकेज दिए हुए हैं और एमओयू के अनुसार पैकेज का भुगतान 15 दिन में करना होता है। सभी आयुष्मान अस्पताल के चिकित्सकों में रोष हैं क्योंकि इनके निजी अस्पताल को 3 से 4 महीने तक का भुगतान बकाया है। यह बात आईएमए प्रधान डॉ आरती साहू ने कही। उन्होंने बताया कि आईएमए ने बार- बार वार्तालाप करके 3 फरवरी 2025 से आयुष्मान का कार्य बंद करने की कॉल दी थी। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने 3 फरवरी को आईएमए हरियाणा के टीम को वार्ता के लिए बुलाया था। इस उच्च स्तर की मीटिंग में सरकार ने आयुष्मान के चिकित्सकों की बातों को ध्यान से सुना।

**नहीं करेंगे मरीजों का उपचार**

आईएमए रोहतक के आयुष्मान योजना से जुड़े चिकित्सकों ने प्रधान डॉ आरती साहू की अध्यक्षता में एक मीटिंग की। इस मीटिंग में चिकित्सकों ने सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन पर भरोसा ना करते हुए अपनी 3 फरवरी से शुरू की हुई आयुष्मान स्कीम के रोगियों का इलाज ना करने की बात पर कायम रखने का संकल्प दोहराया।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महिला एवं बाल विकास विभाग के खंड महम की सुपरवाइजर अलका ने सर्किल मीटिंग में गाँव बहलबा एवं सीसर खास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पीएमएमवीवाई का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इस योजना के योग्य लाभार्थी महिलाओं को योजना का लाभ लेने के लिए पहले आवेदन करना होगा। सुपरवाइजर ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहला बच्चा होने पर सरकार की ओर से पांच हजार रुपये की धनराशि तथा दूसरी संतान बेटी होने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सरकार की ओर से छह हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। अब यह केवल दो किश्तों में देय होगी। जिसमें प्रथम किश्त 3000 रुपये एवं द्वितीय किश्त 2000 रुपए के रूप में लाभार्थी के पंजीकृत बैंक खाते में भेजी जाएगी। गर्भधारण से शिशु के जन्म से 570 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जाएगा। वहीं अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय शिशु (बालिका) के लिए धनराशि 6000 रुपए दी जाएगी। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लाभार्थियों का पंजीकरण करेंगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को पंजीकरण के लिए निम्न दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज होना चाहिए, तभी उनको इस योजना का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पाने के लिए वे महिलाएं जिनकी शुद्ध पारिवारिक आय आठ लाख रुपये प्रति वर्ष से कम हो। मनरेगा जॉब कार्ड धारक महिलाएं। महिला किसान जो किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थी हों। श्रम कार्ड धारक महिलाएं। आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत महिला लाभार्थी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी सहायिका व आशा कार्यकर्ता। बीपीएल राशन कार्ड धारक महिला। जो महिलाएं आंशिक रूप से 40 प्रतिशत या पूर्ण रूप से दिव्यांग हों। अनुसूचित जाति की महिला। अनुसूचित जनजाति की महिला। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत राशनकार्ड धारक महिला लाभार्थी। इन सभी के अतिरिक्त लाभार्थी का आधार कार्ड व बच्चे का टीकाकरण कार्ड होना जरूरी है।



**महम।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देती सुरपरवाइजर अलका।

# योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाने के लिए किया प्रेरित



**रोहतक ।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में टैगोर सभागार परिसर में रोजाना सुबह योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मियों को योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इसी दिशा में हरियाणा योग आयोग के सहयोग से टैगोर सभागार की गैलरी में प्रतिदिन सुबह योग कक्षा का संचालन गत 12 जनवरी महर्षि विवेकानंद जयंती से किया जा रहा है। यह योग कक्षा 12 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर संपन्न होगा। छात्र कल्याण कार्यालय कर्मी एवं योग प्रशिक्षक नरेश अहलावत इस योग कक्षा में प्रतिभागियों को योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रो. राणा ने बताया कि टैगोर सभागार परिसर में योग कक्षाएं पूरे वर्ष आयोजित की जाती हैं।

**कार्यक्रम** सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं और ई वॉलेट के प्रयोग पर दी जानकारी

# सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को आई क्यू ए सी द्वारा हरियाणा प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान गुरूग्राम के सहयोग से ई फाइनेंस पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यशाला वीरवार तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें में नौ महाविद्यालयों के प्राचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और लिपिकों ले रहे हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय के सदस्यों को डिजिटल वित्तीय प्रणाली, ऑनलाइन बुकिंग, साइबर सुरक्षा यूपीआई, नेट बैंकिंग, डिजिटल भुगतान एवं आधुनिक वित्तीय तकनीक की जानकारी देना है।



**रोहतक।** नेटवर्किंग के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

कार्यशाला का उद्‌घाटन महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर चंद्रशेखर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में ई फाइनेंस का ज्ञान प्रत्येक महाविद्यालय के सदस्यों के लिए अति आवश्यक है, जिससे वे सुरक्षित और प्रभावित तरीके से वित्तीय लेन-देन कर सकें।

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रथम प्रमुख वक्ता डॉ ललित कुमार ने डिजिटल भुगतान द्य के सुरक्षित तरीकों, ऑनलाइन फ्राड से बचाव सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं और ई वॉलेट के प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी। वी पी असीजा ने अपने उद्बोधन में इनकम टैक्स और प्रैक्टिकल इश्यू एवं एडमिनिस्ट्रेटिव टिप्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मोबाइल फोन छीनने की वारदात में 4 आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने आईएमटी एरिया में मोबाइल फोन छीनने की वारदात में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि गांव खरावड़ निवासी शिव की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 10 अगस्त 2024 को शिव गांव के बाहरी रास्ते से होते हुए अपने घर की तरफ जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार 4 युवक आए और शिव के साथ हाथापाई कर शिव का मोबाइल फोन छीन कर मौके से फरार हो गये। जांच के दौरान 3 फरवरी को सीआईए-1 टीम ने अंकित उर्फ बैहरा निवासी गांव गढी बोहर, सन्नी निवासी गांव छोछी हाल किरायेदार गढी बोहर, कृष, हैप्पी निवासी गढी बोहर को गिरफ्तार किया गया है।

### युवक पर तेजधार हथियार व लाठी-डंडों से किया हमला

**सोनीपत।** जिला कोर्ट से पेशी के बाद वापस लौट रहे आढ़ती पर कार सवारों ने तेजधार हथियारों से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसके मुंह में पिस्टल डाल कर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल को अधमरा करके खेतों में फेंककर फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव जटवाड़ा निवासी जगबीर ने बताया कि उसका बेटा अमित दिल्ली से सब्जी लेकर आता है। वह सोनीपत सब्जी मंडी में आढ़ती के तौर पर काम करता है। उसके बेटे अमित का विक्रम के साथ रुपयों का लेनदेन है।



# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कैंसर जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता जन-अभियान की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विश्व कैंसर दिवस पर किया गया। एमडीयू के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग एवं सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में काएनोस अस्पताल, रोहतक की टीम ने सहभागिता की। एमडीयू की फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज एवं मनोविज्ञान विभाग का भी आयोजन सहयोग रहा। जान लेवा बीमारी कैंसर के विविध पहलुओं, इलाज तथा कैंसर मरीज को भावना चिकित्सीय तथा भावनात्मक सपोर्ट देने बारे इस कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि परिवार में किसी भी सदस्य के कैंसर रोग से ग्रसित होने पर पूरे परिवार पर असर पड़ता है। जहां कैंसर मरीज का उचित इलाज जरूरी है, वहीं उनको मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मार्गदर्शन की भी जरूरत होती है। कैंसर मरीज को बेहतर जिन्दगी देने का परामर्श डा. शरणजीत कौर ने दिया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि कैंसर जैसे रोग बारे सामाजिक जागरूकता बेहद जरूरी है। इस तरह के जागरूकता अभियान हेतु सामुदायिक सहभागिता जरूरी है। कुलपति ने कहा कि यूनिवर्सिटी आउटरीच के जरिए एमडीयू कैंसर जागरूकता का कार्य करेगा। उन्होंने






रोहतक। कार्यक्रम में विभिन्न पोस्टरों की जानकारी देती छात्रा और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ अन्य।

फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक, बायोइंफॉर्मेटिक्स के निदेशक डॉ. अजीत कुमार और उनकी पूरी टीम को इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस. मान ने कहा कि कैंसर जैसे रोग बारे संवेदीकरण की जरूरत है। उन्होंने मानवीय तथा समग्र मरीज इलाज पर जोर दिया। फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. कौशिक ने कहा कि कैंसर रोग बारे संवेदीकरण तथा सामुदायिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, प्रतिष्ठित चिकित्सक, निदेशक काएनोस अस्पताल डॉ. अरविन्द दहिया ने कहा कि कैंसर के मरीज को निराशा में जाने तथा जीने की जरूरत नहीं है। सकारात्मक सोच रखते हुए उचित इलाज से कैंसर पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

### ये रहे मौजूद

मनोविज्ञान विभाग की ओर से इस कार्यक्रम में कैंसर जागरूकता के साइकोलॉजिकल सपोर्ट एण्ड केयर पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, डीन, लाइफ साइंसेज प्रो. राजेश धनखड़, डीन फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं डीन, आर एण्ड डी प्रो. हरीश दुरेजा समेत विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इनकी रही भूमिका

डॉ. अरविन्द दहिया ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर परिसंवाद का संचालन किया। इसमें डॉ.राजेश गोदारा, डॉ. आनंद यादव, डॉ. हरनीत सिंह, डॉ. केशव, डॉ. शशांक, डॉ. विक्रम देसवाल, डॉ. हरवीन कौर, डॉ. सुनील ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार के कैंसर, उसके लक्षण, इलाज पद्धति पर विस्तृत चर्चा इस परिसंवाद में हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन इमसॉर की प्रोफेसर डा. दिव्या मल्हान ने किया। आभार प्रदर्शन सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स के निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में कैंसर सरवाइवर विद्या फौगाट ने कैंसर रोग होने तथा उसके इलाज की यात्रा साझा की। मुख्यातिथि डा. शरणजीत कौर उनके पति कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कैंसर जागरूकता संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## समाधान शिविर : एसडीएम ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# जरूरतमंद छात्रा और उसके लाचार दादा-दादी को मुहैया करवाया राशन

- गौड कॉलेज कॉलोनी निवासी 8वीं कक्षा की छात्रा संजू ने अपनी दादी के साथ एसडीएम से की थी घर का राशन व किताबें दिलवाने की मांग
- असहाय परिवार की हालत देख एसडीएम आशीष कुमार ने रेडक्रॉस सचिव को तुरंत सहायता के करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाधान शिविर नागरिकों की बिजली और पेयजल आदि आम समस्याएं दूर करने के साथ साथ असहाय एवं जरूरतमंदों के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। मंगलवार को समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या सुन रहे एसडीएम आशीष कुमार ने स्थानीय गौड कॉलेज कॉलोनी निवासी 8वीं कक्षा छात्रा संजू व उसके साथ आई उसकी दादी को रेडक्रॉस की तरफ से तुरंत प्रभाव से घर का राशन मुहैया करवाया और अगले शैक्षणिक सत्र में किताब, कॉपी, स्टेशनरी व स्कूल ड्रेस मुहैया करवाने की व्यवस्था की। इस पर छात्रा संजू के साथ-साथ उसकी दादी ने भी जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया।




समाधान शिविर के दौरान गौड कॉलेज निवासी एक बुजुर्ग महिला अपनी पौत्री के साथ एसडीएम के सामने परिवार को सहायता प्रदान करने का आवेदन लेकर पहुंची। चलने-फिरने में असमर्थ इस बुजुर्ग महिला के साथ आई उसकी पौत्री संजू ने एसडीएम को बताया कि उसके दो भाई-बहन हैं। उनके माता-पिता का काफी साल पहले देहांत हो चुका है। अब वे अनाथ हैं, उनके परिवार में उनके बूढ़े दादा-दादी हैं जो लाचार हैं। पेंशन के अलावा उनके पास आमदनी का कोई साधन नहीं है। इससे न तो उनकी पढ़ाई हो रही है और न ही परिवार सही ढंग से चल रहा है। संजू ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए बताया कि वह भी दूसरे बच्चों की तरह आगे पढ़ कर कामयाब होना चाहती है, लेकिन उसके पास में पढ़ाई के लिए पैसे नहीं हैं।

इस पर एसडीएम ने उसी समय रेडक्रॉस सचिव को इस परिवार के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने और संजू तथा उसके भाई-बहन के लिए स्कूल ड्रेस, पुस्तकों व फीस आदि की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। बुजुर्ग महिला अपनी पौत्री संजू के साथ रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर के पास पहुंची। रेडक्रॉस सचिव ने उसी समय बुजुर्ग महिला को घर का राशन उपलब्ध करवाया और छात्रा संजू को आश्वस्त किया कि फीस या पुस्तकों आदि के खर्च के अभाव में उनको पढ़ाई से महरूम नहीं होने दिया जाएगा। उनको हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

समाधान शिविर के दौरान गांव बसाना निवासी केला देवी ने विधवा पेंशन बनवाने, निंदाना निवासी रामफल ने इंतकाल संबंधित, प्रदीप ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने, गांव अटायल निवासी जगबीर ने अविवाहित पेंशन बनवाने, बहलबा निवासी सचिन ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, समरगोपालपुर निवासी सुरेश ने रोड पर फाटक के नजदीक रोड़ को दुरुस्त करवाने की समस्या रखीं। इसी प्रकार से गांव मोखरा निवासी कृष्णा ने एसडीएम को बताया कि उनके गांव में सात विधवा महिलाओं के प्लाटों के साथ-साथ 50 अन्य प्लाटों पर भी कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए हुए हैं। उन्होंने अवैध कब्जे छुड़वाने की गुहार लगाई। गांव धामड़ के किसानों ने खेतों का रास्ता पक्का करवाने की मांग रखी। इसी प्रकार अनेक लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी, जिस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### गोशालाओं में टीकाकरण व टैगिंग के दिए निर्देश

समाधान शिविर के दौरान गौ सेवकों ने एसडीएम आशीष कुमार को बताया कि वैश्य कॉलेज के पास गौशाला की हालत दयनीय है। यहां पर गायों का उचित ढंग से रखरखाव नहीं हो रहा है। चारे का भी पर्याप्त प्रबंध नहीं है। इस पर एसडीएम ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि इस गोशाला के साथ-साथ शहर की अन्य सभी गोशालाओं का दौरा कर निरीक्षण किया जाए। गायों का टीकाकरण करें ताकि वे किसी भी प्रकार की बीमारी से बची रहे। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला में लाई जाने वाली बेसहारा गायों की टैगिंग करने और गायों के लिए पर्याप्त चारे व पानी का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### न्यू सब्जी मंडी में गरीब लोगों की फड़ी में आग लगाने का मामला


समाधान शिविर के दौरान एसडीएम के समक्ष शहर में न्यू सब्जी मंडी में रात के समय कुछ रेहड़ियों में आग लगाने का मामला भी आया। दो नागरिकों ने एसडीएम को बताया कि वे यहां पर फड़ी लगाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते है। लेकिन अज्ञात लोगों ने उनकी फड़ी में आग लगा दी। एसडीएम ने इस मामले को बड़ी गंभीरता से लिया और वहीं मौके पर मौजूद पुलिस निरीक्षक को निर्देश दिए कि आसपास क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आग लगाने वालों की पहचान की जाए और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### जाम सीवर को खोलने के लिए दिए एसडीओ को आदेश

समाधान शिविर के दौरान चिन्योट कॉलोनी निवासी अशोक ने एसडीएम को बताया कि उनके क्षेत्र में कई दिनों से सीवर जाम है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस पर एसडीएम ने मौके पर मौजूद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, डीएफएससी वरिंद्र सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी ऋचा आर्य सहित बिजली, पेयजल, सीवरेज, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, नगर निगम, बागवानी, पुलिस, कृषि, सिंचाई आदि अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शो एंड टैल में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शो एंड टैल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सरी, केजी, यूकेजी के छोटे कलाकारों ने अपनी कला और अभिनय की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने आम, केला, अनार, मैगी,पेड़, सूरज, वृक्ष, पानी, गुड़िया मैगी राष्ट्रीय ध्वज एटीएम कार्ड आदि विभिन्न विषयों को शामिल किया और दैनिक चीजों को दिखाकर उनके बारे में रोचक जानकारी दी। बच्चों ने इस प्रदर्शन में बहुत उत्साह और जोश दिखाया। उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास ने सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता विजेता के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से सहर ने प्रथम, बाणी ने द्वितीय व देवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा केजी से ईशा ने प्रथम स्थान, दीप, दृष्टि ने द्वितीय जबकि डॉयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से वीर, कियांश ने प्रथम स्थान, शिवन्या, आयुष, अरनव ने द्वितीय और हिमांक, देव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं केवल एक मंच नहीं है बल्कि हमारे बच्चों की कल्पना शक्ति, आत्मविश्वास और संचार कौशल को निखारने का सुनहरा अवसर है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, साक्षी आहूजा, कनिका चावला, कोमल आदि मौजूद रहे।



रोहतक। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के नवीनीकरण का उद्घाटन करते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व बैंक के अधिकारीगण।

### जाट शिक्षण संस्थान प्रधान ने बैंक शाखा के नवीनीकरण का किया उद्घाटन

रोहतक। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने मंगलवार को सुभाष रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के नवीनीकरण का उद्घाटन किया। यह शाखा 80 वर्ष से पुरानी है। सिविल अस्पताल के सामने स्थित इस शाखा की स्थापना वर्ष 1944 में हुई थी। इस अवसर पर गुलाब सिंह दिमाना ने बैंक के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बैंक की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। दिमाना ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जाट शिक्षण संस्था में भी शाखा स्थापित की गई है। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अजय दुआ ने बताया कि बैंक के मुंबई स्थित केंद्रीय कार्यालय की ओर से देश भर में शाखाओं के सौंदर्यकरण की मुहिम चलाई गई है ताकि बैंक में आने वाले ग्राहकों को बेहतर महसूस हो। उन्होंने बताया कि रोहतक क्षेत्र में बैंक की 56 शाखाएं हैं और जल्द ही सांपला मुं भी एक शाखा खोली जाएगी। सभी शाखाओं में ऋण और जमा की हर प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं। बैंक के ब्रांच प्रमुख आरके मलिक ने बताया कि सभी प्रकार की ऑनलाइन सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

### बैग छीनने की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने शिवाजी कॉलोनी एरिया में बैग छीनने की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी कुसुम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 1 फरवरी को कुसुम अपनी दोस्त आशा के साथ पैदल अपने घर की तरफ जा रही थी। कुसुम जब राकेश टेलर वाली गली में पहुंची तो स्कूटी पर सवार एक युवक आया। युवक ने कुसुम के हाथ से बैग छीना और मौके से फरार हो गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### निशुल्क कैंप में 28 लोगों ने करवाई जोड़ों के दर्द की जांच

रोहतक। मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 28 लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसके अंदर कोई भी व्यक्ति आकर अपने जोड़ों के दर्द की फ्री में जांच करवा सकता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है।

### जसिया कॉलेज के ३ छात्रों ने अवेयरनेस कैंप में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय महाविद्यालय जसिया के बीए द्वितीय वर्ष के रीतू, अभिषेक व रजत ने महारानी किशोरी कन्या जाट महाविद्यालय रोहतक में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस अवेयरनेस कैंप में भाग लिया । जिसमें विधार्थियों को एचआईवी, रोड सेफ्टी, ब्लड डोनेशन, फर्स्ट ऐड, मानसिक एवम शारारिक स्वास्थ्य, पानी बचाओं आदि गतिविधियों के बारे में जागृत किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुदेश लाठर के द्वारा विधार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।इस अवसर पर डॉ. राजकुमार सिवाच , वाईआरसी प्रभारी कविता , डॉ. मिनाक्षी दहिया व सीमा मौजूद रही ।



रोहतक। विद्यार्थियों को बधाई देते महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुदेश लाठर।



### सुभाष पार्क में पोधरोपण

रोहतक। वार्ड 14 सुभाष नगर के शिव पार्क में प्रदीप सहगल ट्री मैन ने अपने 68वां जन्मदिन पौधरोपण कर मनाया। उन्होंने जनमानस से अपील की कि हर मौके पर पौधे लगाकर उनकी सेवा करने का भाव रखना चाहिए। पौधे हमें आक्सीजन देने का काम करते हैं अगर पेड़ पौधे ना हो तो खुले में सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। मनुष्य को अपने जीवन मे कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी जसबीर कुमार आदि रहे।

कार्यक्रम | विभिन्न सत्रों में मानसिक स्वास्थ्य तथा मन को शांत रखने के उपायों पर की चर्चा

# अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, पंजाबी नृत्य, और बांसुरी वादन से प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन 29 जनवरी से 4 फरवरी तक किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया । दिन की शुरूआत योग साधना से होती थी । विभिन्न सत्रों में मानसिक स्वास्थ्य तथा मन को शांत रखने के उपायों पर चर्चा की गई । कायनोस अस्पताल की टीम ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा । विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं तथा रुचिकर कक्षाओं का आयोजन किया गया । महावीर पार्क तथा हुड्डा कॉम्पलैकस में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया तथा पौधारोपण भी किया । एक दिन विद्यार्थी लाखनमाजरा गुरुद्वारा गए तथा महम गए जहां पर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को साफ- सफाई, स्वास्थ्य और कचरा प्रबंधन के बारे में बताया



### अपने कर्त्तव्यों के प्रति अवगत करवाया

समापन के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के ज़िला संयोजक मनोज अहलावत ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना गीत /"स्वयं सजें वसुंधरा सँवार दे /" के साथ की गई । विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, पंजाबी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य , नुक्कड़ नाटक और बांसुरी वादन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति सेवाभाव रखने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों के प्रति अवगत करवाया तथा एन.एस.एस की शपथ दिलवाई ।

### प्राधानाचार्या ने मुख्यातिथि का किया धन्यवाद

प्रधानाचार्या डॉ . अरुणा तनेजा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानने का अवसर प्राप्त हुआ, इससे मिलजुल कर काम करने की भावना को बढ़ावा मिलेगा । मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा,उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता , सचिव राजेश कुमार सहगल ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की । इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या आशिता भांबरी तथा नीलम गौड़, यशिका, कविता विज, मनीषा, रेणु शर्मा, सुमन बाला, अनुपमा राठी, छाया, कविता पाहवा, मानवी सपरा भी मौजूद रहे।